दिनांक : 09.08.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

**राष्ट्रपति-रक्षाबंधन**

रक्षाबंधन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारत और विदेश में रहने वाले सभी नागरिकों को शुभकामनाएँ दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पवित्र त्योहार समाज में सद्भाव और एकता को बढ़ावा देता है और भाई-बहनों के बीच प्रेम और विश्वास के अनूठे बंधन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह अवसर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और नैतिक मूल्यों को संरक्षित करने का भी एक अवसर है और यह महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान के संकल्प को और मजबूत करता है। राष्ट्रपति ने देशवासियों से एक समृद्ध देश के निर्माण का संकल्प लेने का आग्रह किया जहाँ हर महिला सुरक्षित महसूस करे और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दे सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षाबंधन के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर प्रदेश में भी भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन हर्षो उल्लास से मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने प्रदेश वासियों को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कार्य हो रहा है, उसे राज्य सरकार भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है।

**रक्षाबंधन-प्रदेश**

भोपाल में उत्साह के साथ भाई बहन के अटूट रिश्ते के महापर्व रक्षाबंधन को मनाया जा रहा है। भोपाल महापौर मालती राय ने सफाई मित्रों को मिठाई खिला कर और रक्षा सूत्र बांधकर पर्व की बधाई दी। आगरमालवा जिले में श्रवण पूजन के बाद बहनों ने भाईयों की कलाई पर प्यार का धागा बांधकर सुरक्षा का वचन लिया तो भाईयों ने भी बहनों को उपहार दिये। शिवपुरी के सर्किल जेल में रक्षाबंधन के पर्व को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई, ताकि बहनें कैदी भाइयों के साथ रक्षाबंधन मना सकें। जबलपुर में सामाजिक संगठनों ने सड़क किनारे गरीब और याचकों को राखी बांधने के साथ भोजन और उपहार बांटे। नर्मदापुरम में राखी बाज़ारों में ऑपरेशन सिंदूर का असर  देखने को मिल रहा है। इस बार बाजार में सिंदूरी रंग की राखियां बहनों को काफी पसंद आ रही हैं।

**रक्षा उत्पादन उपलब्धि**

वित्त वर्ष 2024-25 में वार्षिक रक्षा उत्पादन बढ़कर एक लाख 51 हज़ार करोड़ रुपये के अब तक के सर्वाधिक स्तर पर पहुंच गया। यह उपलब्धि पिछले वित्त वर्ष के एक लाख 27 हज़ार करोड़ रुपये के उत्पादन की तुलना में 18 प्रतिशत की मज़बूत वृद्धि है। इसकी सराहना करते हुए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह रक्षा औद्योगिक आधार को मज़बूत करने का स्पष्ट संकेत है। श्री सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट में, रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग और अन्य हितधारकों की भी सराहना

की।

**प्रधानमंत्री-भारत छोड़ो आंदोलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महात्मा गांधी के नेतृत्व में हुए भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल वीरों को नमन किया। साथ हि श्रावण पूर्णिमा पर मनाए जाने वाले विश्व संस्कृत दिवस पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संस्कृत ज्ञान और अभिव्यक्ति का शाश्वत स्रोत है, पिछले दस सालों में संस्कृत को लोकप्रिय बनाने के लिए सरकार ने कई पहलें की हैं श्री मोदी ने कहा कि इन प्रयासों से विद्यार्थियों और शोधकर्ताओं को बड़ा लाभ मिला है और संस्कृत को सीखने व लोकप्रिय बनाने में हर व्यक्ति का योगदान अहम है।

रेलवे -राउंड ट्रिप पैकेज योजना

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए राउंड ट्रिप पैकेज योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत यात्रियों को वापसी यात्रा पर 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी, इसके लिए कुछ शर्तें भी रखीं गयीं है ।रेल मंत्रालय ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत बुक किए गए टिकटों का किराया वापस नहीं किया जाएगा। 13 अक्टूबर तक की अवधि के लिए बुकिंग इस महीने की 14 तारीख से शुरू होगी। साथ ही, वापसी यात्रा के टिकट पर 60 दिन की अग्रिम आरक्षण अवधि लागू नहीं होगी।

संक्षिप्त समाचार

1- भोपाल में 1 अगस्त से लागू किए गए बिना हेलमेट पेट्रोल नही देने के आदेश का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है। आदेश की अवहेलना करने वाले भोपाल के 6 पेट्रोल पंप पर अब तक खाद्य विभाग कार्रवाई कर चुका है।

2- स्मार्ट मीटर की भ्रांतियां दूर करने कल बैतूल में मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि बैतूल वृत्त के 63 उपभोक्ताओं को 21 हजार 312 रूपए की छूट मिली है।

3- सागर जिले के सानौधा स्थित बेबस नदी में कल नहाने गए पांच युवकों में से चार की डूबने से मौत हो गई। चारों दोस्त एक-दूसरे को बचाने के प्रयास में खुद भी पानी में समा गए।

4- बैंकॉक में आयोजित अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में, सात महिलाओं सहित 10 भारतीय मुक्केबाज ने सेमी-फाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की हैं। फाइनल मुकाबले कल खेले जाएंगे।